(4.2) <u>केवल संगीत, परफार्मिंग आर्ट्स, विजुअल आर्ट्स और अन्य परंपरागत भारतीय कला स्वरूपों यथा शिल्पकला आदि के अभ्यर्थियों के लिए (ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के पारा न० 6.4 से 6.6 के संदर्भ में)</u>।

<u>योग्यता:–</u> अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से निम्नांकित 'क' अथवा 'ख' में निर्धारित योग्यता को धारित करते हों। (ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के पारा न० 6.4 से 6.6 के संदर्भ में)।

क.

(i) किसी भारतीय विश्वविद्यालय से संबंधित/संगत/संबद्ध विषय में 55 प्रतिशत अंक के साथ स्नातकोत्तर (निष्णात) उपाधि (अथवा जहाँ कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो, वहाँ प्वाइंट स्केल में समतुल्य ग्रेड) अथवा किसी प्रत्यायित विदेशी विश्वविद्यालय से समतुल्य उपाधि। बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग)/पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) के उम्मीदवार को स्नातकोत्तर के प्राप्तांक में पाँच प्रतिशत, जबकि भारत संघ के किसी भाग के दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर स्तर पर पाँच प्रतिशत अंकों की शिथिलता (छूट) प्रदान की जाएगी। परन्तु किसी उम्मीदवार को दोनों तरह का लाभ अनुमान्य नहीं होगा। उन पी-एच०डी० उपाधि धारक अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर स्तर पर 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी, जिन्होनें 19 सितम्बर 1991 के पूर्व स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है।

(ii) उपर्युक्त अर्हताओं को पूरा करने के साथ–साथ अभ्यर्थी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा सी.एस.आई.आर. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एन.ई.टी) उत्तीर्ण की हो अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित समतुल्य परीक्षा यथा–BET उत्तीर्ण की हो, अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2009 अथवा 2016 और समय–समय पर इनमें बाद में किए गए संशोधनों, जैसा भी मामला हो, के अनुरूप पी-एच०डी० की उपाधि प्रदान की गई है, उन्हें एन.ई.टी./एस.एल.ई.टी./एस.ई.टी. से छूट प्रदान की जाएगी।

परन्तु SLET/SET के मान्यता के संदर्भ में यू०जी०सी० रेगुलेशन, 2018 में वर्णित प्रावधान ही मान्य होंगे।

बशर्ते कि दिनांक 11 जुलाई, 2009 से पूर्व पी-एच०डी०कार्यक्रम के लिए पंजीकृत अभ्यर्थी उपाधि प्रदान करने वाली संस्थाओं के तत्कालीन विद्यमान अध्यादेशों/उपनियमों/विनियमों के उपबंधो द्वारा अभिशासित होंगे। ऐसे सभी पी-एच०डी० धारक अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/संस्थानों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति के लिए एन.ई.टी. / एस.एल.ई.टी./ एस.ई.टी. की अपेक्षा से छूट प्रदान की जायेगी :–

(क) अभ्यर्थी को पी-एच०डी० की उपाधि केवल नियमित पद्धति से प्रदान की गई हो;

(ख) पी-एच०डी०शोध–प्रबंध का मूल्यांकन कम से कम दो बाह्य परीक्षकों द्वारा किया गया हो;

(ग) पी-एच०डी० के लिए अभ्यर्थी की एक खुली मौखिक परीक्षा आयोजित की गई हो;

(घ) अभ्यर्थी ने अपने पी-एच०डी० कार्य से दो अनुसंधान पत्रों को प्रकाशित किया हो जिनमें से कम से कम एक संदर्भित (Refereed) जर्नल में प्रकाशित हुआ हो;

(ड.) अभ्यर्थी ने वि० अ० आ०/ आई. सी. एस. एस. आर./ सी. एस. आई. आर. अथवा ऐसी किसी अन्य एजेंसी द्वारा प्रायोजित/वित्तपोषित/सहायता प्राप्त सम्मेलनों/विचार गोष्ठियों में अपने पी-एच०डी०कार्यों के आधार पर कम से कम दो पत्रों को प्रस्तुत किया हो;

इन शर्तों को पूरा करने को संबंधित विश्वविद्यालय के कुल सचिव अथवा संकाय अध्यक्ष (शैक्षणिक कार्य) द्वारा सत्यापित किया जाए।

परन्तु यह कि बिहार राज्य के विश्वविद्यालयों में पी-एच०डी०की उपाधि हेतु यू०जी०सी० विनियमन 2009 को राजभवन द्वारा नवम्बर, 2012 में अधिसूचित किया गया है तथा इसके पश्चात् विभिन्न तिथियों से विश्वविद्यालयों में लागू किया गया है। अतः राज्य के विश्वविद्यालयों में 11.07.2009 से यू०जी०सी० रेगुलेशन, 2009 के लागू होने की अवधि में पी-एच०डी० उपाधि हेतु पंजीकृत एवं तदोपरान्त पी-एच०डी० उपाधि प्राप्त अभ्यर्थी भी ऊपर क्रमांक (क) से (ड.) में वर्णित 5 शर्तों को पूरा करने एवं तत्संबंधी विश्वविद्यालय के कुल सचिव अथवा संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक कार्य) द्वारा इसके सत्यापन किये जाने की स्थिति में उन्हें नेट/स्लेट/सेट की अर्हता की अपेक्षा से छूट प्रदान की जाएगी।

<u>नोट</u> :—ऐसे विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि धारक अभ्यर्थियों से NET/SLET/SET अर्हता की अपेक्षा नहीं की जाएगी, जिन विषयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, सी०एस०आई०आर०, अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित इस प्रकार की परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है।

**अथवा**

**ख.** एक परंपरागत अथवा पेशेवर कलाकार जिसकी संबंधित विधा में अत्यंत उल्लेखनीय पेशेवर उपलब्धि रही हो और जिन्हें स्नातक की उपाधि प्राप्त हो, जिन्होंने:

(i) प्रसिद्ध परंपरागत उस्ताद(दों) / कलाकार(रों) के अधीन अध्ययन किया हो।

(ii) वह आकाशवाणी/दूरदर्शन में 'क' श्रेणी का कलाकार रहा हो;

(iii) वह संबंधित विषय में तार्किक रूप से व्याख्या करने की क्षमता रखता हो; और

(iv) संबंधित विधा में सोदाहरण सिद्धांत पढ़ाने के लिए पर्याप्त ज्ञान से सम्पन्न हो।

नोट :– अभ्यर्थी द्वारा ऊपर अंकित बिन्दु–ख (ii) से संबंधित प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना वांछनीय है।

(4.3) **<u>केवल नाट्य विधा के अभ्यर्थियों के लिए। (ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के पारा न० 6.7 से 6.9 के संदर्भ में)।</u>**

<u>योग्यता:–</u> अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से निम्नांकित 'क' अथवा 'ख' में निर्धारित योग्यता को धारित करते हों। (ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के पारा न० 6.7 से 6.9 के संदर्भ में)।

क.

(i) किसी भारतीय विश्वविद्यालय से संबंधित/संगत/संबद्ध विषय में 55 प्रतिशत अंक के साथ स्नातकोत्तर (निष्णात) उपाधि (अथवा जहाँ कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो, वहाँ प्वाइंट स्केल में समतुल्य ग्रेड) अथवा किसी प्रत्यायित विदेशी विश्वविद्यालय से समतुल्य उपाधि। बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग)/पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) के उम्मीदवार को स्नातकोत्तर प्राप्तांक में पाँच प्रतिशत, जबकि भारत संघ के किसी भाग के दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर स्तर पर पाँच प्रतिशत अंकों की शिथिलता (छूट) प्रदान की जाएगी। परन्तु किसी उम्मीदवार को दोनों तरह का लाभ अनुमान्य नहीं होगा। उन पी-एच0डी0 उपाधि धारक अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर स्तर पर 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी, जिन्होनें 19 सितम्बर 1991 के पूर्व स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है।

(ii) उपर्युक्त अर्हताओं को पूरा करने के साथ–साथ अभ्यर्थी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा सी.एस.आई.आर. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एन.ई.टी) उत्तीर्ण की हो अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित समतुल्य परीक्षा यथा–BET उत्तीर्ण की हो, अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2009 अथवा 2016 और समय–समय पर इनमें बाद में किए गए संशोधनों, जैसा भी मामला हो, के अनुरूप पी-एच0डी0 की उपाधि प्रदान की गई है, उन्हें एन.ई.टी./एस.एल.ई.टी./एस.ई.टी. से छूट प्रदान की जाएगी।

परन्तु SLET/SET के मान्यता के संदर्भ में यू0जी0सी0 रेगुलेशन, 2018 में वर्णित प्रावधान ही मान्य होंगे।

बशर्ते कि दिनांक 11 जुलाई, 2009 से पूर्व पी-एच०डी०कार्यक्रम के लिए पंजीकृत अभ्यर्थी उपाधि प्रदान करने वाली संस्थाओं के तत्कालीन विद्यमान अध्यादेशों/उपनियमों/विनियमों के उपबंधो द्वारा अभिशासित होंगे। ऐसे सभी पी-एच०डी०धारक अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/ संस्थानों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति के लिए एन.ई.टी/ एस.एल.ई.टी./ एस.ई.टी. की अपेक्षा से छूट प्रदान की जायेगी :—

(क) अभ्यर्थी को पी-एच०डी०की उपाधि केवल नियमित पद्धति से प्रदान की गई हो;

(ख) पी-एच०डी० शोध–प्रबंध का मूल्यांकन कम से कम दो बाह्य परीक्षकों द्वारा किया गया हो;

(ग) पी-एच०डी० के लिए अभ्यर्थी की एक खुली मौखिक परीक्षा आयोजित की गई हो;

(घ) अभ्यर्थी ने अपने पी-एच०डी०कार्य से दो अनुसंधान पत्रों को प्रकाशित किया हो जिनमें से कम से कम एक संदर्भित (**Refereed**) जर्नल में प्रकाशित हुआ हो;

(ड.) अभ्यर्थी ने वि0 अ0 आ0/ आई. सी. एस. एस. आर./ सी. एस. आई. आर. अथवा ऐसी किसी अन्य एजेंसी द्वारा प्रायोजित/वित्तपोषित/सहायता प्राप्त सम्मेलनों/विचार गोष्ठियों में अपने पी-एच०डी० कार्यों के आधार पर कम से कम दो पत्रों को प्रस्तुत किया हो;

इन शर्तों को पूरा करने को संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव अथवा संकाय अध्यक्ष (शैक्षणिक कार्य) द्वारा सत्यापित किया जाए।

परन्तु यह कि बिहार राज्य के विश्वविद्यालयों में पी-एच०डी०की उपाधि हेतु यू0जी0सी0 विनियमन, 2009 को राजभवन द्वारा नवम्बर, 2012 में अधिसूचित किया गया है तथा इसके पश्चात् विभिन्न तिथियों से विश्वविद्यालयों में लागू किया गया है। अतः राज्य के विश्वविद्यालयों में 11.07.2009 से यू0जी0सी0 रेगुलेशन, 2009 के लागू होने की अवधि में पी-एच०डी०उपाधि हेतु पंजीकृत एवं

तदोपरान्त पी-एच०डी०उपाधि प्राप्त अभ्यर्थी भी ऊपर क्रमांक (क) से (ड.) में वर्णित 5 शर्तों को पूरा करने एवं तत्संबंधी विश्वविद्यालय के कुल सचिव अथवा संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक कार्य) द्वारा इसके सत्यापन किये जाने की स्थिति में उन्हें नेट/स्लेट/सेट की अर्हता की अपेक्षा से छूट प्रदान की जायेगी।

नोट :– ; ऐसे विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि धारक अभ्यर्थियों से NET/SLET/SET अर्हता की अपेक्षा नहीं की जाएगी, जिन विषयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, सी०एस०आई०आर०, अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित इस प्रकार की परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है।

अथवा

ख. संबंधित विषय में उच्च उल्लेखनीय पेशेवर उपलब्धि रखने वाला कोई परंपरागत अथवा पेशेवर कलाकार जिसके पास :–

(i) भारतीय नाट्य विद्यालय अथवा भारत या विदेश में किसी अन्य ऐसे ही संस्थान से 55 प्रतिशत अंक (अथवा जहाँ ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो वहाँ प्वाइंट स्केल में समान ग्रेड की उपाधि) के साथ तीन वर्षीय स्नातक की उपाधि/ स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि के साथ पेशेवर कलाकार रहा हो;

(ii) साक्ष्य सहित क्षेत्रीय/राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाँच वर्ष का नियमित रूप से प्रशंसनीय कार्य निष्पादन रहा हो; और

(iii) संबंधित विषय की तार्किक रूप से व्याख्या करने की क्षमता हो और संबंधित विधा में सोदाहरण सिद्धांत पक्ष को पढ़ाने की पर्याप्त जानकारी हो।

नोट :– अभ्यर्थी द्वारा ऊपर अंकित बिन्दु–ख (i) तथा ख (ii) से संबंधित प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना वांछनीय है।

**5. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता से संबंधित ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिन्दु :–**

(5.1) बिहार सरकार द्वारा आयोजित BET उतीर्ण अभ्यर्थियों को ही केवल सहायक प्राध्यापक पद के लिए NET से छूट दी जायेगी। अन्य राज्य के SLET/SET उतीर्ण अभ्यर्थियों को NET से छूट एवं SLET/SET के अंक का लाभ नहीं मिलेगा।

(5.2) सीधी भर्ती हेतु अर्हता के उद्देश्य और बेहतर शैक्षणिक रिकार्ड के मूल्यांकन के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अ०पि०व०) /पिछड़ा वर्ग (पि०व०) निःशक्त (क) दृष्टिहीनता अथवा निम्न दृश्यता (ख) बधिर और कम सुनाई देना (ग) लोकोमोटर निःशक्तता साथ ही सेरेब्रल पालसी, कुष्ठ उपचारित, नाटापन, अम्लीय हमले के पीड़ित और मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी (घ) विचार भ्रम (ऑटिज्म), बौद्धिक निःशक्तता, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थता (ड.) गूँगापन– अंधापन सहित (क) से (ड.) के तहत् व्यक्तियों में से बहु निःशक्तता) से जुड़े अभ्यर्थियों के लिए स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर स्तर पर 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

(5.3) एक संगत ग्रेड जिसे निष्णात स्तर पर 55 प्रतिशत के समरूप माना जाता है, जहाँ कहीं भी किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर ग्रेडिंग प्रणाली लागू है, को भी वैध माना जाएगा।

(5.4) शिक्षण पदों पर नियुक्ति के दावे हेतु पी-एच०डी० उपाधि प्राप्त करने में अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए समय पर शिक्षण/अनुसंधान अनुभव के रूप में विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कोई अवकाश लिए बिना शिक्षण कार्य के साथ अनुसंधान उपाधि प्राप्त करने में व्यतीत की गई सक्रिय सेवा अवधि को सीधी भर्ती के उद्देश्य के लिए शिक्षण अनुभव माना जाएगा।

(5.5) वैसे ही शिक्षकों का अनुभव मान्य होगा, जिनकी सेवा University Selection Committee/College Service Commission/ College Selection Committee के द्वारा संपुष्ट(Confirmed) की गयी हो।

(5.6) अभ्यर्थी शोध प्रकाशन (Research) में अपने 5 सबसे अच्छे पत्रों को Upload करेगें।

(5.7) सबंधित/संगत/सम्बद्ध विषय का विवरण अनुसूची–1 में संलग्न है।

(5.8) शैक्षणिक योग्यता से संबंधित सभी प्रमाण–पत्र/उपाधि ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि–02.11.2020 के पूर्व का निर्गत होना चाहिए, अन्यथा अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

(5.9) **ग्रेड बिंदुओं का प्रतिशत में संपरिवर्तन संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा विनिश्चित संपरिवर्तन सूत्र के अनुसार होगा। प्रतिशत/ग्रेड/सी०जी०पी०ए० को प्रतिशत में परिवर्तित करने से संबंधित Formula का प्रमाण (प्रामाणिक साक्ष्य) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन में इंगित स्थान पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। ग्रेड बिन्दु वाले अंक–पत्र के दोनों पृष्ठों (Front Side तथा Back Side) को अपलोड करना अनिवार्य है।**

(5.10) यू०जी०सी० से मान्यता प्राप्त संस्थानों से संबंधित विषय के लिए Distance Mode/Open University से प्राप्त डिग्री मान्य होगी। यू०जी०सी० के Distance Education Mode की वैधता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर निर्गत पत्रों/परिपत्रों के अनुसार होगी।

(5.11) सभी वांछित प्रमाण–पत्र साक्षात्कार के समय मूल रूप में सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं करने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी प्रभावित/रद्द होगी तथा आयोग का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

(5.12) योग्यता संबंधी वही प्रमाण–पत्र एवं उपाधि मान्य होंगे, जिनका उल्लेख उम्मीदवार ने अपने मूल आवेदन–पत्र में किया है।

(6) उम्र सीमा :–

सहायक प्राध्यापक पद के अभ्यर्थियों की उम्र दिनांक–01/01/2020 को अधिकतम 55वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(7) चयन प्रक्रिया:–

(7.1) **शैक्षणिक योग्यता के लिए 100 अंक तथा साक्षात्कार के लिए 15 अंक होंगे। अंतिम मेधा सूची शैक्षणिक योग्यता (कुल अंक–100) एवं साक्षात्कार (कुल अंक–15), अर्थात् कुल 115 अंकों में से प्राप्त किये गये अंकों के योग के आधार पर तैयार की जायेगी।**

(7.2) विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के पद हेतु साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों के चयन संबंधी मानदंड निम्नलिखित तालिका के अनुरूप किया जायेगा —

## तालिका

| क्र०सं० | शैक्षणिक रिकार्ड | स्कोर (अंकों में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्नातक | 80% एवं उससे ऊपर = 15 | 60% एवं उससे ज्यादा तथा 80% से कम = 13 | 55% एवं उससे ज्यादा और 60% से कम = 10 | 45% से ज्यादा और 55% से कम = 05 |
| 2. | स्नातकोत्तर | 80% एवं उससे ऊपर = 25 | 60% एवं उससे ज्यादा तथा 80% से कम = 23 | 55% एवं उससे ज्यादा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/ बी०सी०1/बी०सी०2 एवं दिव्यांग की स्थिति में 50%) तथा 60% के कम =20 | |
| 3. | पी०–एच०डी० | 30 | | | |
| 4.1 | जे०आर०एफ० के साथ नेट | 07 | | | |
| 4.2 | नेट | 05 | | | |
| 4.3 | स्लेट/सेट | 03 | | | |
| 5. | "शोध प्रकाशन : समीक्षित (peer reviewed) अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग. द्वारा सूचीबद्ध जर्नल में प्रकाशित प्रत्येक शोध प्रकाशन हेतु 2 अंक" | 10 | | | |
| 6. | शिक्षण/पोस्ट डॉक्टोरल का अनुभव (प्रत्येक एक वर्ष के लिए 02 अंक) # | 10 | | | |
| 7. | पुरस्कार :– अधिकतम 03 अंक | | | | |
| 7.1 | अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर (अन्तर्राष्ट्रीय संगठन/भारत सरकार/ भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के संस्थाओं द्वारा पुरस्कार दिए जाने की स्थिति में) | 03 | | | |
| 7.2 | राज्य स्तर (राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार दिए जाने की स्थिति में) | 02 | | | |

# तथापि, यदि शिक्षण/पोस्ट डॉक्टोरल अनुभव की अवधि 1 वर्ष से कम होने की स्थिति में अंक समानुपातिक रूप से घटाए जाएँगे। इनका लाभ संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र के आधार पर मिलेगा।

नोट :–

(क) (i) पी-एच०डी० :– 30 अंक।
(ii) जे०आर०एफ०/नेट/सेट :– अधिकतम 07 अंक।
(iii) पुरस्कार कोटि में :– अधिकतम 03 अंक।

(ख)

| | |
|---|---|
| अकादमिक स्कोर | :– 80 अंक। |
| शोध प्रकाशन | :– 10 अंक। |
| शिक्षण अनुभव | :– 10 अंक। |
| कुल | :– 100 अंक। |

(ग) सेट/स्लेट का स्कोर संबंधित राज्य के विश्वविद्यालयों में नियुक्ति हेतु मान्य होंगे।

(8) आरक्षण नीति :–

(8.1) ऑनलाइन आवेदन पत्र के संबंधित कॉलम में आरक्षण का दावा नहीं करने पर अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। केवल पिछड़े वर्ग की महिला आरक्षण कोटि (WBC) की महिला अभ्यर्थियों को इसे अलग से इंगित करने की आवश्यक्ता नहीं है। पिछड़े वर्ग की महिला आरक्षण कोटि (WBC) में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जनजाति/अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि की महिला को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।

(8.2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के उन्हीं अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ मिलेगा जो बिहार के मूल अधिवासी हैं। बिहार राज्य के बाहर के अधिवासी अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा। **ऑनलाइन आवेदन में भरा गया स्थायी पता ही आरक्षण प्रयोजन के लिए स्थायी निवास अनुमान्य होगा।**

(8.3) बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991 (बिहार अधिनियम–3, 1992) (समय–समय पर यथासंशोधित) के प्रावधानों का अनुपालन किया जायेगा। आरक्षण का लाभ केवल वैसे सुयोग्य अभ्यर्थियों को दिया जायेगा जो बिहार के स्थायी अधिवासी है। अन्य राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश के आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों की गणना गैर आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी में की जायेगी एवं उन पर गैर आरक्षित श्रेणी के ऊपर लागू होने वाले प्रावधान लागू होंगे। आवेदन में अंकित स्थायी पता ही आरक्षण प्रयोजन के लिए स्थायी निवास अनुमान्य होगा।

8.3.1 अनु० जाति एवं अनु० जन जाति के उम्मीदवारों को निम्नांकित प्रमाणपत्र जमा करना अनिवार्य होगा:–

(a) जाति प्रमाण पत्र

(b) मूल निवास प्रमाण पत्र (डोमिसाइल प्रमाण पत्र)

8.3.2 पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारो को निम्नांकित प्रमाणपत्र जमा करना अनिवार्य होगा:–

(a) जाति प्रमाण पत्र

(b) मूल निवास प्रमाण पत्र (डोमिसाइल प्रमाण पत्र)

(c) क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र

8.3.3 पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग का अभ्यर्थी होने की दशा में अपने स्थायी अधिवास अंचल के अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं अनु० जाति और अनु० ज० जाति की दशा में अपने स्थायी अधिवास अंचल के अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र, डोमिसाइल प्रमाण पत्र मान्य होगा।

8.3.4 आरक्षण का दावा करने वाली विवाहित महिलाओं की जाति/क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र उसके पिता के नाम व स्थायी पता से निर्गत होना चाहिए, न कि उसके पति के नाम व पता से।

8.3.5 **आरक्षित कोटि के उम्मीदवार अपनी जाति के अनुरूप पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के पश्चात् ही आरक्षित कोटि का अंकन ऑनलाईन आवेदन के संबंधित कॉलम में करेंगे एवं ऑनलाईन आवेदन भरते समय उनके पास आरक्षण कोटि के अनुरूप सक्षम प्राधिकार से निर्गत प्रमाण–पत्र उपलब्ध होना अनिवार्य होगा। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा। आवेदन भरने के पश्चात् आरक्षण कोटि में परिवर्तन का दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही गलत आरक्षण कोटि अंकित करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।**

**आरक्षित कोटि निम्नवत् है:–**

| क्र०सं० | आरक्षित कोटि | ऑनलाईन आवेदन में आरक्षित कोटि |
|---|---|---|
| 01 | अनुसूचित जाति ( Schedule Caste) | SC |
| 02 | अनुसूचित जनजाति(Schedule Tribe) | ST |
| 03 | अति पिछड़ा वर्ग( Extremely Backward Class ) | EBC |
| 04 | पिछड़ा वर्ग (Backward Class) | BC |
| 05 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (Economically Weaker Section) | EWS |

8.3.6 सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–13062, दिनांक–12.10.2017 के आलोक में केवल ऐसे अभ्यर्थी सेवाओं/पदों में 04 प्रतिशत दिव्यांगता आधारित क्षैतिज आरक्षण के लिए पात्र होंगे, जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत दिव्यांगता से ग्रस्त हों। जो अभ्यर्थी आरक्षण का लाभ प्राप्त करना चाहते हों, उन्हें सक्षम प्राधिकार द्वारा विहित प्रपत्र में जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उन्हें दिव्यांगाता के आधार पर आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

8.3.7 बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–2342, दिनांक–15.02.2016 के प्रावधान के अंतर्गत आरक्षित एवं गैर–आरक्षित श्रेणी की महिलाओं को 35% क्षैतिज आरक्षण के अधीन आरक्षण देय होगा।

8.3.8 सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक–2526, दिनांक 18.02.2016 के आलोक में बिहार राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों जिन्हें केन्द्र द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/नतिनी को रिक्ति की उपलब्धता की स्थिति में नियमानुसार 02 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देय होगा। ऐसे आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास आवदेन करते समय अपने गृह जिला के जिला पदाधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत (भूतपूर्व स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतिनी होने का) प्रमाण–पत्र निश्चित रूप से उपलब्ध होना चाहिए।

8.3.9 सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार की अधिसूचना सख्या–2622, दिनांक 26.02.2019 के आलोक में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए रिक्ति की उपलब्धता की स्थिति में नियमानुसार 10 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जानेवाला आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण पत्र उपर्युक्त अधिसूचना के साथ संलग्न अनुसूची–2 (प्रपत्र–1) में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत होना चाहिए।

8.3.10 उपर्युक्त आरक्षण संबंधी सभी प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय मूल रुप से प्रस्तुत नहीं करने पर आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

नोटः–

(i) ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने के क्रम में अभ्यर्थियों से कतिपय सूचनाएँ सिर्फ डाटा बेस संधारित करने हेतु ली जा रही हैं। अगर उक्त सूचना से संबंधित किसी प्रकार की छूट विज्ञापन में अंकित नहीं है तो, न तो उसका दावा मान्य होगा और न ही उसका लाभ देय होगा। विज्ञापन में वर्णित सूचना/शर्त/जानकारी/किसी प्रकार की छूट ही अंतिम रूप से मान्य होगी।

(ii) उपर्युक्त अंकित आरक्षण का लाभ (दिव्यांगता आधारित आरक्षण को छोड़कर) केवल वैसे सुयोग्य अभ्यर्थियों को देय होगा जो बिहार राज्य के स्थायी अधिवासी (Domicile) हैं।

## (9) विश्वविद्यालय का आवंटन –

9.1 आयोग द्वारा रिक्ति एवं आरक्षण रोस्टर के अनुसार विषयवार एक सम्मिलित मेधा सूची तैयार की जाएगी। इस सम्मिलित मेधा सूची में से उम्मीदवारों द्वारा विश्वविद्यालयों के लिए दिए गए अधिमानता को ध्यान में रखकर विभाग को भेजा जाने वाला विश्वविद्यालयवार पैनल तैयार किया जाएगा।

9.2 अगर आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी सामान्य वर्ग के मेधा सूची के लिए अर्हित है तो उसकी नियुक्ति सामान्य कोटि में होगी एवं ऐसे अभ्यर्थी द्वारा विश्वविद्यालयों के लिए दिए गए अधिमानताओं को ध्यान में रखकर सामान्य वर्ग की रिक्ति के विरूद्ध ही उनको विश्वविद्यालय आवंटित किया जाएगा।

9.3 अभ्यर्थी को अपने ऑनलाईन आवेदन–पत्र में सभी संबंधित विश्वविद्यालयों का अधिमानता क्रम देना चाहिए।

## (10) ऑनलाईन आवेदन शुल्क :-

**(10.1) कोटिवार ऑनलाईन आवेदन शुल्क का विवरण नीचे दिया गया है:–**

(i) अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार हेतु – 300 रू० **(तीन सौ रूपये)**

(ii) केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी हेतु – 75 **रू०(पचहत्तर रूपये)**

(iii) केवल बिहार राज्य की स्थायी निवासी सभी (आरक्षित वर्ग/अनारक्षित वर्ग) महिला हेतु – 75 **रू०(पचहत्तर रूपये)**

(iv) दिव्यांग अभ्यर्थियों (40 प्रतिशत या उससे अधिक) के लिए – 75 रू० **(पचहत्तर रूपये)**

(v) शेष अन्य उम्मीदवार हेतु – 300 **रू० (तीन सौ रूपये)**

(10.2) आवेदन शुल्क क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैकिंग/यू०पी०आई० द्वारा ऑनलाइन ई–भुगतान गेटवे के माध्यम से जमा किया जायगा।

(10.3) अभ्यर्थी को उपर्युक्त शुल्क के अतिरिक्त विभिन्न बैंकों द्वारा निधारित चार्ज भी देना होगा; जिसे ऑनालईन भुगतान के क्रम में बैंक द्वारा स्वतः बैंक चार्ज के रूप में ले लिया जाएगा। आवेदन के साथ आवेदन शुल्क एवं बैंक चार्ज के रूप में अधिसूचित राशि लौटाई नहीं जायेगी।

**वैसे सभी कोटि के दिव्यांग अभ्यर्थी एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कोटि से आने वाले अभ्यर्थी जो दिव्यांग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कोटि के लाभ का दावा करते हैं और उनके द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगता के अनुरूप शुल्क जमा किया जाता है और भविष्य में वैसे अभ्यर्थी द्वारा दिव्यांगता से संबंधित प्रमाण–पत्र तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है या उसपर किसी प्रकार का संदेह उत्पन्न होता है तो उन्हें रियायती शुल्क (Concessional Fee) के आधार पर अनर्हित किया जा सकता है। दिव्यांग अभ्यर्थियों एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों को इस संदर्भ में सूचित किया जाता है कि वे स्वेच्छा से शुल्क सामान्य अभ्यर्थियों के अनुरूप जमा करते हैं, तो इस बिन्दु पर उनकी अभ्यर्थिता सुरक्षित रहेगी। इस पर अभ्यर्थी स्वंय निर्णय ले सकते हैं।**

(11) महत्वपूर्ण निर्देश :–

11.1 अभ्यर्थी अंतिम रूप से भरे गए अपने ऑनलाइन आवेदन–पत्र को डैशबोर्ड से डाउनलोड करके उसकी हार्ड कॉपी में निर्धारित स्थान पर नीली रोशनाई (स्याही) वाली बॉल पेन से हिन्दी एवं अंग्रेजी में अपना उसी प्रकार का हस्ताक्षर अंकित करेंगे, जिस प्रकार का हस्ताक्षर उन्होंने अपने ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अंकित किया है। इसके उपरान्त अभ्यर्थी अपने डाउनलोडेड आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी के साथ सभी वांछित प्रमाण–पत्र/कागज़ात/उपाधि की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक–24.11.2020 के अपराह्न 5:00 बजे तक बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, अकादमिक भवन, 8वाँ तल, बिहार, पटना–800001 को अवश्य प्राप्त हो जाय। **अभ्यर्थी लिफाफा के ऊपर आवेदित पद, विषय का नाम, Unique ID एवं विज्ञापन संख्या को स्पष्ट रूप से अवश्य अंकित करेंगे।** किसी भी परिस्थिति में आयोग कार्यालय में हाथों–हाथ आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि किसी भी अभ्यर्थी के ऑनलाईन भरे गए आवेदन–पत्र की डाउनलोडेड हार्ड कॉपी के साथ वांछित प्रमाण–पत्रों/कागजात/उपाधि की

स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न होकर आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त नहीं होंगी, तो उक्त अभ्यर्थी का आवेदन–पत्र अंतिम रूप से भरा गया नहीं माना जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। उक्त की हार्ड कॉपी के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ अनुलग्नक के रूप में क्रमवार अवश्य संलग्न करें:–

(i) मैट्रिक प्रमाण पत्र। (जन्म तिथि के साक्ष्य के रूप में)।
(ii) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अधिवास प्रमाण पत्र। (आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थी के लिए)।
(iii) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र। (आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थी के लिए)।
(iv) नन क्रीमी लेयर (बी0सी0 01 तथा बी0सी0 02 के लिए) का प्रमाण–पत्र। (आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थी के लिए)।
(v) सामान्य वर्ग का आर्थिक पिछड़ा प्रमाण–पत्र। (आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थी के लिए)।
(vi) स्वतंत्रता सेनानी के नाती/नतिनी/पोता/पोती होने का प्रमाण–पत्र। (आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थी के लिए)।
(vii) दिव्यांगता प्रमाण–पत्र। (आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थी के लिए)।
(viii) 11.07.2009 के पूर्व पी-एच0डी0 उपाधि धारक हैं, तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत पाँच बिन्दुओं का प्रमाण–पत्र, (अगर है तो)।
(ix) आयोग के ऑनलाईन पोर्टल पर बिंदु 6.6/6.9 से संबंधित प्रमाण–पत्र।
(x) स्नातक उपाधि।
(xi) स्नातक अंक–पत्र।
(xii) स्नातकोत्तर उपाधि।
(xiii) स्नातकोत्तर अंक–पत्र।
(xiv) NET/BET प्रमाण–पत्र।
(xv) ग्रेड प्वाइंट/लेटर ग्रेड/सी0जी0पी0ए0 से रूपांतरित प्रतिशत प्राप्त करने का साक्ष्य (स्नातकोत्तर के लिए)।
(xvi) दिनांक–11.07.2009 के पूर्व पी-एच0डी0 के लिए पंजीकृत, परन्तु बाद में उपाधि प्राप्त अभ्यर्थी के लिए पंजीयन पत्र एवं उपाधि, (अगर है तो)।
(xvii) दिनांक–11.07.2009 के बाद पी-एच0डी0 उपाधि धारक, जो 2009 नियमों से पी-एच0डी0 नही हैं, तो पंजीयन पत्र, उपाधि एवं क्रमांक (viii) की तरह प्रमाण–पत्र, (अगर है तो)।
(xviii) पी-एच0डी0 उपाधि, 2009 नियमों के अनुसार, (अगर है तो)।
(xix) शोध–पत्र। (अधिकत्तम पाँच शोध–पत्र)।
(xx) शिक्षण अनुभव प्रमाण–पत्र।
(xxi) Post Doctoral अनुभव प्रमाण–पत्र।
(xxii) अकादमिक पुरस्कार (राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय) प्रमाण–पत्र।
(xxiii) अकादमिक पुरस्कार (राज्य स्तरीय) प्रमाण–पत्र।

(12) इस विज्ञापन से संबंधित सभी सूचनाएँ आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित की गई हैं। दैनिक समाचार पत्रों में अलग से प्रकाशन अपेक्षित नहीं हैं।

(13) उपर्युक्त विज्ञापन से संबंधित ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। इस विज्ञापन के लिए निर्धारित ऑनलाईन आवेदन से भिन्न, मुद्रित, टंकित, हस्तलिखित आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। साथ ही, अपूर्ण, अस्पष्ट, अहस्ताक्षरित तथा विलम्ब से प्राप्त आवेदन–पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा जमा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(14) नोट :–

14.1 **उपर्युक्त विज्ञापन के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।** अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व उक्त दिशा निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ अचूक रूप से सही–सही एवं सुस्पष्ट रूप से अंकित करेंगे। ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन अभ्यर्थी द्वारा नहीं करने एवं ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के क्रम में अभ्यर्थी द्वारा की गयी प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आयोग उत्तरदायी नहीं होगा एवं कोई भी प्रतिकूल परिणाम हेतु आवेदक स्वयं जिम्मेवार होंगे। इस संबंध में किसी प्रकार के सुधार/परिवर्तन हेतु अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। पुनः स्पष्ट किया जाता है कि मात्र रजिस्ट्रेशन हो जाने तथा शुल्क का भुगतान हो जाने से अभ्यर्थी का यह दावा मान्य नहीं होगा कि अभ्यर्थी द्वारा त्रुटिरहित ढंग से ऑनलाईन आवेदन–पत्र भर दिया गया है।

14.2 ऑनलाईन आवेदन–पत्र में भरी गयी सूचनाओं को मूल प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र/उपाधि से मिलान करने के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

14.3 अभ्यर्थी डैश बोर्ड पर अंकित अपना नाम, जन्म–तिथि, कोटि, शुल्क की राशि इत्यादि से संतुष्ट होने के बाद ही शुल्क जमा करेंगे।

14.4 ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अंकित Email-ID, Mobile Number तथा प्राप्त User Name एवं Password को सुरक्षित रखना अभ्यर्थी की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी। इसे वे अपने पास व्यक्तिगत रूप से अवश्य सुरक्षित रखेंगे।

**14.5 चूँकि इन्टरनेट, पोस्टल सर्विस या बैंकिग सेवा आदि में उत्पन्न किसी प्रकार के व्यवधान के लिए आयोग उत्तरदायी नहीं होगा, इसलिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन–पत्र भरने की अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करके उसके पहले ही अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवदेन-पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा कर देंगे।**

14.6 अभ्यर्थी अपना एक अद्यतन फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर स्कैन कर ऑनलाईन आवेदन–पत्र में निर्धारित स्थान में अपलोड करेंगे। इसके उपरान्त अभ्यर्थी अपने स्तर से यह अवश्य सुनिश्चित हो लेंगे कि उनके द्वारा अपलोड किये गये उनके फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर का इमेज बिल्कुल स्पष्ट है।

14.7 इच्छुक अभ्यर्थियों को यह भी निर्देश दिया जाता है कि आवेदन–पत्र भरते समय वे अपना जो फोटोग्राफ अपने आवेदन–पत्र पर अपलोड किये हैं, उसकी कम से कम पाँच पासपोर्ट साइज की अतिरिक्त प्रतियाँ वे अपने पास सुरक्षित रखेंगे, ताकि आवश्कता पड़ने पर या आयोग द्वारा माँगे जाने पर उसे उनके द्वारा जमा किया जा सके।

14.8 निर्धारित शुल्क के ऑनलाईन भुगतान में किसी प्रकार का इन्टरनेट व्यवधान/गलत भुगतान/असफल भुगतान (unsuccessful Payment/Transaction Status Failure/Transaction Status Pending) के लिए आयोग उत्तरदायी नहीं होगा तथा अभ्यर्थी को सुधार हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। भुगतान किया गया शुल्क एवं बैंक चार्ज किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

(15) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–प्रपत्र में सभी प्रविष्टियाँ सावधानी से भरी जाएँ। बाद में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/सुधार मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन–पत्र भरने में की गई किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए आयोग कदापि उत्तरदायी नहीं होगा एवं फलस्वरूप किसी भी प्रतिकूल परिणाम हेतु अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) प्रारंभ की तिथि | 23.09.2020 |
| (ii) | ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | 02.11.2020 (05 PM तक) |
| (iii) | अभ्यर्थी द्वारा आयोग कार्यालय में केवल स्पीड पोस्ट /निबंधित डाक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन–पत्र की डाउनलोडेड हार्ड कॉपी एवं सभी वांछित कागज़ात/प्रमाण पत्र /उपाधि की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति प्राप्त कराने की अंतिम तिथि | 24.11.2020 (05 PM तक) |

21/09/2020

सचिव

बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना

# अनुसूची – 1

सबंधित / संगत / सम्बद्ध विषय का विवरण–

| List of concerned (Core) subjects & their allied/relevant subjects | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | |
| Sl. No. | Concerned (Core) Subject | Allied/relevant subjects | |
| 1 | Zoology | 1 | Fish & Fisheries |
| | | 2 | Aquaculture |
| | | 3 | Entomology |
| | | 4 | Life Science/Bio Science |
| | | 5 | Genetics/Cytogenetics |
| | | 6 | Animal Physiology & Biochemistry |
| | | 7 | Biotechnology/Immunology |
| 2 | Geology | 1 | Applied Geology |
| | | 2 | Earth Science |
| 3 | Political Science | 1 | Public Administration |
| 4 | Management | 1 | Marketing Management |
| | | 2 | Financial Management |
| | | 3 | Human Resource Management |
| | | 4 | International Business Management |
| | | 5 | Operation Management |
| | | 6 | Commerce |
| | | 7 | Industrial/Organisational Psychology |
| | | 8 | Applied/Business Economics |
| 5 | Sociology | 1 | None |
| 6 | Geography | 1 | None |
| 7 | Philosophy | 1 | Budhist Philosophy (with Graduation in Philosophy as core subject) |
| | | 2 | Jaina Philosophy (with graduation in Philosophy as core subject) |
| | | 3 | Comparative Study of Religions (with graduation in philosophy as core subject) |
| | | 4 | Yoga philosophy (with graduation in philosophy as core subject) |
| 8 | Sanskrit | 1 | None |
| 9 | Traditional Sanskrit (वेद, धर्मशास्त्र, साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, दर्शन / न्याय, पुराण, बौद्धदर्शन, प्राकृत / जैनदर्शन) | 1 | None |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | हिन्दी | 1 | भाषा विज्ञान में स्नातकोत्तर (त्रिवर्षीय स्नातक स्तर तक मुख्य विषय हिन्दी भाषा एवं साहित्य) |
| | | 2 | तुलनात्मक साहित्य में स्नातकोत्तर (त्रिवर्षीय स्नातक स्तर तक मुख्य विषय हिन्दी भाषा एवं साहित्य) |
| | | 3 | अनुवाद विज्ञान में स्नातकोत्तर (त्रिवर्षीय स्नातक स्तर तक मुख्य विषय हिन्दी भाषा एवं साहित्य) |
| | | 4 | लोक साहित्य में स्नातकोत्तर (त्रिवर्षीय स्नातक स्तर तक मुख्य विषय हिन्दी भाषा एवं साहित्य) |
| 11 | उर्दू | 1 | No Allied subject in Urdu |
| 12 | Islamic Studies | 1 | Arab culture and Islamic Studies |
| | | 2 | Arab culture |
| | | 3 | Theology |
| 13 | Arabic | 1 | Arab culture and Islamic Studies/Arab Culture / Theology |
| 14 | Persian | 1 | No Allied subject |
| 15 | Mathematics | 1 | Computation Mathematics |
| | | 2 | Applied Mathematics |
| | | 3 | Industrial Mathematics and Informatics |
| | | 4 | Mathematical Science |
| | | 5 | Material Science and Technology |
| | | 6 | Industrial and Applied Mathematics |
| 16 | Botany | 1 | Microbiology |
| | | 2 | Biotechnology |
| | | 3 | Biochemistry |
| | | 4 | Bio science |
| | | 5 | Environmental Science |
| | | 6 | Genetics |
| | | 7 | Molecular Biology |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | Chemistry | 1 | Physical Chemistry |
| | | 2 | Inorganic Chemistry |
| | | 3 | Organic Chemistry |
| | | 4 | Applied Chemistry |
| | | 5 | Industrial Chemistry |
| | | 6 | Analytical Chemistry |
| | | 7 | Environmental Chemistry |
| | | 8 | Biochemistry |
| | | 9 | Pharmaceutical Chemistry |
| | | 10 | Instrumentation and commercial method of Industrial analysis |
| | | 11 | Polymer Science and Chemical technology |
| 18 | Economics | 1 | Financial Economics |
| | | 2 | Environmental economics |
| | | 3 | Business Economics |
| 19 | Home Science(M.A./M.Sc.) | 1 | Food and nutrition |
| | | 2 | Family resource management |
| | | 3 | Human Development |
| | | 4 | Textile & Clothing |
| | | 5 | Extension Education |
| | | 6 | Clinical Nutrition |
| 20 | Ancient History | 1 | Ancient Indian History & Culture |
| | | 2 | Ancient Indian history & Archaeology |
| | | 3 | Ancient Indian & Asian Studies |
| 21 | Music | 1 | Vocal Music-Hindustani Classical Music |
| | | 2 | Instrumental Music-Percussion/Non percussion |
| 22 | Personnel Management and Industrial Relations | 1 | Labour and Social Welfare (L.S.W.) |
| | | 2 | Personnel Management and Industrial Relation (PMIR) |
| | | 3 | Industrial Relations and Personnel Management (IRPM) |
| | | 4 | Master in Human Resource Management (MHRM) |
| | | 5 | Master in Human Resource Development (MHRD) |
| 23 | Electronics | 1 | Electronics/electronics Science |
| | | 2 | 2 year M.Sc. in Microelectronics and Advanced Communication |
| | | 3 | 2 year M.Sc. in Electronics and instrumentation |
| | | 4 | 2 year M.Sc. in electronic and communication |
| | | 5 | 2 year M.Sc. in Optoelectronics |
| | | 6 | 2 year M.Sc. in applied electronics |
| | | 7 | 2 year M.Sc. in electronics and telecommunication |
| | | 8 | 2 year M.Sc. in instrumentation |
| | | 9 | 5 year M.Sc. in electronics, computer and Instrumentation. |
| | | 10 | 2 year M.Sc. in instrumentation technology (All degrees mentioned here are in science stream) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24 | Physics | 1 | B.S.-M.S. integrated course with physics/applied physics as major Subjects/Elective Paper. |
| | | 2 | M.Sc.(physics/applied physics) or equivalent degree of 2years/4 semesters after 3 years B.Sc./B.S. Courses |
| 25 | मैथिली (Maithili) | 1 | भाषा विज्ञान |
| | | 2 | अनुवाद विज्ञान |
| | | 3 | लोक साहित्य |
| | | 4 | तुलनात्मक साहित्य |
| | नोट–परन्तु स्नातक स्तर पर मैथिली मुख्य विषय होना चाहिए। | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26 | English | 1 | Comparative Literature |
| | | 2 | Translation Studies |
| | | 3 | Folk Literature |
| | | 4 | Linguistics |
| | | 5 | English language teaching |
| | | 6 | Literature in English |
| | Note:- However, the candidate must have a B.A.(Hons) degree in English. | | |
| 27 | Statistics | 1 | M.Sc. in Statistics and Computing |
| | | 2 | M.Sc. in Statistics and computer application |
| | | 3 | M.Sc. in applied Statistics and informatics |
| 28 | Journalism | 1 | Master of Journalism and Mass Communication |
| | | 2 | M.A.(Journalism) |
| | | 3 | M.A.(Mass Communication) |
| | | 4 | M.Sc.(Media Research) |
| | | 5 | M.A.(Digital Communication) |
| | | 6 | M.A.(Corporate Communication) |
| | | 7 | M.A.(Media Management) |
| | | 8 | M.A.(Advertising & Public Relations) |
| | | 9 | M.A./M.Sc. (New Media Technology) |
| | | 10 | M.Sc.(Electronic Media) |
| | | 11 | M.A.(Creative Writing) |
| | | 12 | M.A.(Convergent Journalism) |
| | | 13 | M.A.(Communication & Event management) |
| 29 | LAW | 1 | There is no allied subject in Law. |
| 30 | Commerce | 1 | None |
| 31 | Psychology | 1 | None |
| 32 | History | 1 | None |
| 33 | Gandhian Thought | 1 | Gandhian Thought and Peace Studies. |
| | | 2 | Gandhi and Peace Studies. |